अमर उजाला

बरेली
बृहस्पतिवार, 25 नवंबर 2021
मार्गशीर्ष कृष्ण-षष्ठी
विक्रम संवत-2078

Page No. : 07 : Middle

एसआरएमएस संस्थानों के 37 विद्यार्थियों का कोफोर्ज कंपनी में चयन

बरेली। श्री राम मूर्ति स्मारक (एसआरएमएस) ट्रस्ट द्वारा संचालित संस्थानों के 37 बीटेक छात्र-छात्राओं का कोफोर्ज लिमिटेड (एनएनआईटी टेक्नोलॉजीज) ने चयन किया है।

चयनित विद्यार्थियों में 29 एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (बरेली), सात विद्यार्थी एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च (बरेली) और एक छात्र एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, उन्नाव के शामिल हैं। संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति, डीन एके. डॉ. प्रभाकर गुप्ता, निदेशक टीएंडपी डॉ. अनुज कुमार ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।